भर्ती हेतु सूचना
वरिष्ठ परामर्शदाता - राष्ट्रीय प्रतिरक्षण कार्यक्रम

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएं और उत्तरदायित्वः-

- सामान्य और अनुपूरक प्रतिरक्षण की कवरेज और इसकी मॉनीटरिंग से संबंधित आंकड़ों को एकत्र करना, संकलित करना और इनका विश्लेषण करना तथा राष्ट्रीय और उप-राष्ट्रीय स्तरों पर कार्यकलापों के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों तथा राज्य के अधिकारियों को प्रतिपुष्टि प्रदान करना।
- राष्ट्रीय प्रतिरक्षण कार्यक्रम (यूआईपी) से संबंधित क्रियाकलापों के क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को तकनीकी सहायता प्रदान करना। देश में प्रतिरक्षण कवरेज में सुधार लाने के लिए टीकों, कार्यक्रम कार्यान्वयन और नीति से संबंधित मामलों पर तकनीकी दिशा-निर्देश और प्रोटोकॉल तैयार करना।
- सामान्य प्रतिरक्षण में आवधिक रूप से गहनता लाने के लिए "मिशन इंद्रधनुष" जैसे प्रतिरक्षण अभियानों की आयोजना और क्रियान्वयन में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की सहायता करना।
- नए टीके लाने के लिए तकनीकी प्रबंधकीय क्षमता में वृद्धि के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की सहायता करना।
- देश के विभिन्न राज्यों में प्रतिरक्षण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करना।
- प्रतिरक्षण कार्यक्रम के नियोजन और क्रियान्वयन की निगरानी करने के लिए क्षेत्रीय दौरे करना और उपयुक्त स्तरों पर प्रतिपुष्टि प्रदान करना।
- राष्ट्रीय प्रतिरक्षण कार्यक्रम के निर्धारित विषय क्षेत्र संबंधी घटकों जैसे निगरानी और मूल्यांकन, वैक्सीन लोजिस्टिक्स प्रबंधन, कोल्ड चेन, एईएफआई, स्वास्थ्य प्रणाली का सुदृढ़ीकरण आदि की समीक्षा करने और राज्यों व साझेदारों के साथ इनके समन्वयन में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की सहायता करना।
- टीकों के भंडार, कोल्ड चेन लोजिस्टिक्स और प्रशिक्षण की स्थिति से संबंधित निगरानी और समीक्षा तंत्रों की स्थापना करने में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की मदद करना।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत परियोजना क्रियान्वयन की योजना तैयार करने और इसकी समीक्षा करने में राज्यों की सहायता करना
- कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रतिरक्षण कवरेज में सुधार लाने में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ संपर्क स्थापित करना।
- तकनीकी विशेषज्ञ समितियों की बैठकों का संचालन और समन्वय, बैठकों के कार्यवृत्त को दस्तावेजबद्ध करना और बाद में कार्रवाई बिन्दुओं पर अनुवर्ती कार्यवाही करना।
- कार्यक्रम निष्पादन में सुधार लाने के लिए साझेदारों और पणधारियों के साथ समन्वय करना।
- पर्यवेक्षकों द्वारा दिए गए कोई अन्य क्रियाकलाप/कार्य करना।

योग्यता:

- जन स्वास्थ्य या स्वास्थ्य प्रशासन या सामुदायिक स्वास्थ्य या सामुदायिक स्वास्थ्य प्रशासन या निवारक एवं सामाजिक चिकित्सा में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ एमबीबीएस/बडीएस/बीएचएमएस/बीएएमएस/आयुष/बी.एस.सी(नर्सिंग) स्नातक।
- कम से कम 5 वर्ष (एमबीबीएस स्नातक के लिए 3 वर्ष) का आरसीएच/प्रतिरक्षण से संबंधित कार्यक्रमों में संगत अनुभव। राष्ट्रीय स्तर पर आरसीएच/प्रतिरक्षण कार्यक्रम में कार्य कर चुके अभ्यर्थियों को वरीयदा दी जाएगी।
- जन स्वास्थ्य प्रणाली तथा संगत सरकारी नीतियों/कार्यनीतियों, विशेषकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और प्रतिरक्षण के क्षेत्र में कार्य का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी।
- आम तौर पर प्रयोग किए जाने वाले पैकेज जैसे एम.एस. वर्ड, एक्सेल, पावर प्वाइंट तथा वेब सर्फिंग सहित कम्प्यूटर में दक्षता।
- उत्कृष्ट संचार एवं प्रस्तुति कौशल, विश्लेषिक एवं अंतर-वैयक्तिक क्षमताएं, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक एवं संचार कौशल, हिंदी का कार्य साधक ज्ञान होना भी वांछनीय है।
- किसी बहु-विषयीय दल परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित क्षमता।
- क्षेत्र स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्रचालनात्मक बनाने/जिला स्तर की स्वास्थ्य योजनाओं को सुदृढ़ बनाने में कार्य करने का प्रदर्शित अनुभव।
- तकनीकी सहायता प्रदान करने, राज्यों तथा जिलों की यात्रा करने की तत्परता और कार्यों की समय-सीमा को पूरा करने हेतु विभिन्न कार्यों को एक साथ करने की क्षमता हो।

वांछनीय:

- एमबीबीएस स्नातक।

- राष्ट्रीय स्तर पर रोग प्रतिरक्षण के क्षेत्र में 2-3 वर्ष का कार्य अनुभव।
- देश में नए टीके प्रस्तुत करने के क्षेत्र में अनुभव।

कार्य अनुभव के विशिष्ट रूप से प्रासंगिक होने पर औपचारिक शैक्षिक अर्हता एवं अनुभव में छूट दी जा सकेगी।

आयु: आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि को 40 वर्ष तक और व्यापक क्षेत्रीय दौरे करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य हो।

पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 90,000/- रु. से 1,50,000/- रु. के बीच

स्थान: नई दिल्ली और राज्यों तथा जिलों में यात्रा के करने के इच्छुक हों।

आवेदन करने के लिएः
अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **21-Aug-2019** तक rch.imm.mohfw@gmail.com पर ई-मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिष्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।